RAF SECTOR
NEWS CLIP
02/06/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Darshan, Amer, (RAJ)

83 बटालियन द्रुत कार्य बल ने मनाया 37 वां स्थापना दिवस

राजस्थान दर्शन

आमेर। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन द्रुत कार्य बल व केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने बटालियन कैम्पस रामगढ़ रोड़ लालवास जयपुर में बटालियन का 37वें स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विवेक वैद पीएमजी पुलिस महानिरीक्षक द्रुत कार्य बल के साथ कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह 83 बटालियन ने बटालियन शहीद स्मारक पर बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के देश सुरक्षा में शहीद हुए जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं बटालियन क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली। विवेक वैद ने इस वाहिनी कैम्पस का निरीक्षण किया इसके पश्चात विशेष सैनिक सम्मेलन आयोजित कर बटालियन के सभी कार्मिकों को बटालियन द्वारा देश हित में किये गये सराहनीय कार्यों व ड्यूटियों के लिये प्रशंसा की एवं साथ ही भविष्य में और अच्छा करने की रणनीति पर विचार करने के लिये आगाह किया तथा देश की सेवा के लिये हर समय तैयार रहने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विवेक वैद, पीएमजी पुलिस महानिरीक्षक द्रुत कार्य बल के साथ विक्रम सहगल, पुलिस महानिरीक्षक राजस्थान सैक्टर राधा मोहन मीणा, पुलिस महानिरीक्षक रिटायर्ड, सुनील पुलिस महानिरीक्षक रिटायर्ड सैक्टर स्तरीय कावॉ अध्यक्षा कल्पना वैद जागृति सिंह कमान्डेण्ट प्रवीण कुमार सिंह 83 बटालियन द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल 8वीं वाहिनी केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं 246 वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी और इस वाहिनी के सभी राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान तथा उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

Rajasthan Darshan, Amer, (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के स्थापना दिवस के उपलक्ष में मेले का हुआ शुभारंभ

राजस्थान दर्शन

आमेर। प्रवीण कुमार सिहं कमाण्डेन्ट 83 बटालियन द्रुत कार्य बल के मार्गदर्शन में वाहिनी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कावा 83 बटालियन द्रुत कार्य बल ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा बटालियन कैम्पस रामगढ़ रोड़ लालवास जयपुर में सीआरपीएफ में मेले का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ सैक्टर स्तर की कावा अध्यक्षा कल्पना वैद द्वारा रिबन काटकर किया गया।स्थापना दिवस के अवसर पर, किक्रेट एवं फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच का आयोजन किया गया। विजेता, उपविजेता एवं खेल में उत्कृश्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पुरूस्कृत किया गया। इसी अवसर पर वाहिनी में आयोजित मेलें में खाने पीने, खेल खिलोने, कार/मोटर साईकिल प्रर्दशनी, झुले, इत्यादि की दुकानें लगाई गई तथा रस्साकसी प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया। मेले में उपस्थित अधिकारियों, जवानों तथा आसपास के आमजनों ने मेले का खूब लुफ्त उठाया।

Amrit Vichar, Moradabad, (UP)

ठाकुरद्वारा में फ्लैग मार्च निकालते आरएएफ के जवान। ● अमृत विचार

पुलिस के संग आरएएफ के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

अमृत विचार, ठाकुरद्वारा

आरएएफ के जवानों ने शनिवार को में स्थानीय अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। लोगों से शांति और भाइचारे के साथ रहने की अपील की। वहीं असमाजिक तत्वों को माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। एसडीएम परमानंद सिंह और कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आरएएफ के सशस्त्र जवानों ने कोतवाली से फ्लैग मार्च शुरू किया। मार्च बुद्ध बाजार, बाजार गंज, कदीर तिराहे, तिकोनिया से होता हुआ कमालपुरी चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुआ। जवानों ने रास्ते में मिले लोगों से कहा कि शांति, आपस में मिलजुलकर रहने और नियमानुसार रहने से जीवन का अलग ही आनंद होता है। इस दौरान उन्होंने असमाजिक तत्वों को शांति व्यवस्था भंग करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

SH.VIVEK VAID, IGP RAF PAYING TRIBUTE TO THE MARTYRS ON 37TH RAISING DAY OF 83BN. JAIPUR, RAJASTHAN.

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।